एक नजर में

संत किरीट भाई आज भक्तों संग मनाएंगे गुरू पूर्णिमा

इंदौर. प्रख्यात संत, ब्रह्मऋषि किरीट भाईजी 12 जुलाई को दोपहर सड़क मार्ग से रतलाम से इंदौर आएंगे. इस बार उनकी गुरू पूर्णिमा यात्रा गत 28 जून से मारिशस से प्रारंभ हुई है. अब तक वे दिल्ली, पुणे, मुंबई, उल्हासनगर, जलगांव, गोवा, अहमदाबाद, अजमेर एवं जयपुर में अपने भक्तों के साथ गुरू पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन कर चुके हैं. शनिवार को सुबह रतलाम में भी उनके भक्तों ने गुरू पूजन कार्यक्रम रखा है, वहां से वे सडक मार्ग से दोपहर 2 बजे तक इंदौर पहुंचकर यहां साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में शाम 4 से 7 बजे तक तुलसी परिवार इंदौर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में भक्तों और शिष्यों को आशीर्वचन देंगे, उनकी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे और ठाकुरजी का पूजन भी करेंगे. तुलसी परिवार इंदौर के प्रमुख संयोजक संजय सोनी, मीतेश जोशी एवं राजेश नेमा ने बताया कि भाईजी के इंदौर आगमन पर जाल सभागृह में अगवानी, गुरू वंदना के पश्चात उनके आशीर्वचन होंगे. इसके बाद वे भक्तों की आध्यात्मिक, धार्मिक जिज्ञासाओं का समाधान भी करेंगे.

हंसदास मठ पर श्रावणी अनुष्ठानों का शुभारंभ

इंदौर. एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर शुक्रवार से पवित्र श्रावण माह के अनुष्ठान का शुभारंभ महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज के सानिध्य एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के मार्गदर्शन में हुआ. इस अवसर पर राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने संध्या को हंसेश्वर महादेव के पहले दिन श्रृंगारित किए गए स्वरूप की पूजा अर्चना कर प्रदेश में सुखद वर्षा की प्रार्थना की. श्रावण के पहले दिन किए गए इस श्रृंगार के दर्शन हेतु पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, संजय शुक्ला, भाजपा के जिला अध्यक्ष श्रवणसिंह चावड़ा ने भी पूजा-अर्चना की. मठ पर पूरे माह विभिन्न अनुष्ठान जारी रहेंगे. आज हंसेश्वर महादेव को पांच किस्म के फूलों एवं चुनरियों से श्रृंगारित किया गया था। श्रावण के पहले सोमवार को भी विशेष श्रृंगार होगा.

बाणेश्वरी कावड़ यात्रा में 4 झांकियां रहेंगी आकर्षण

इंदौर. बाणेश्वरी कावड़ यात्रा इस बार चार आकर्षक एवं मनोहारी झांकियों के साथ देवी अहिल्या की राजधानी रही महेश्वर नगरी से सोमवार, 14 जुलाई को करीब 5 हजार कावड़ यात्रियों के साथ महाकाल का अभिषेक करने के लिए प्रारंभ होगी. इसके पूर्व 13 जुलाई को सभी कावड़ यात्री मरीमाता चौराहा इंदौर से बसों में सवार होकर दोपहर 1 बजे महेश्वर के लिए रवाना प्रस्थित होंगे. यात्रा संयोजक एवं विधायक गोलू शुक्ला ने बताया कि यात्रा के साथ हमेशा की तरह 3 आकर्षक झांकियां भी चलेंगी, इनमें पहली झांकी भगवान विष्णु द्वारा समुद्र मंथन के पूर्व राक्षसों द्वारा विषधारी वसुक नाग को भेजने और उसे गरूड़ भगवान द्वारा बंदी बनाने की स्थिति में भगवान भोलेनाथ द्वारा छुड़ाने के दृश्यों का मनोहारी चित्रांकन किया गया है. दूसरी झांकी ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित है, . तीसरी झांकी लव जिहाद के प्रति सनातनी समाज को जागृत बनाने के उद्देश्य से बनाई गई है. एक अन्य झांकी में भगवान कृष्ण की बांसुरी पर गोपेश्वर महादेव को मयूर के साथ नृत्य करते हुए दिखाया गया है।इन चार झांकियों के अलावा यात्रा के साथ शहर के सभी प्रमुख भजन गायक विशेष वाहनों पर सवार होकर यात्रा के साथ चलेंगे. यात्रा प्रभारी दीपेन्द्रसिंह सोलंकी के अनुसार सभी श्रद्धालु 13 जुलाई को मरीमाता चौराहे से दोपहर 1 बजे बस द्वारा महेश्वर और वहां से 14 जुलाई को सुबह 8 बजे कावड़ पद यात्रा का शुभारंभ करेंगे. महेश्वर में मां नर्मदा का दुग्धाभिषेक और चुनरी समर्पण भी होगा. यात्रा 14 जुलाई की शाम को गुजरी, 15 को मानपुर, 16 को महू, 17 को इंदौर, 18 को रेवती रेंज, 19 को पंथ पिपलई और 20 को उज्जैन पहुंचकर रात्रि विश्राम के बाद 21 जुलाई को सुबह 4 बजे भगवान महाकालेश्वर का जलाभिषेक कर उनसे प्रदेश में सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना करेंगे.

नरसिंगपुरा मानभद्र बाबा भक्त मंडल का गुरु पूर्णिमा उत्सव



इंदौर. श्री नरसिंगपुरा मानभद्र बाबा भक्त मंडल के तत्वाधान में प्रणाम सागर महाराज के पावन प्रेरणा एवं मंगल आशीर्वाद से दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा भक्ति महामहोत्सव महाप्रसादी का आयोजन कीमती गार्डन धार रोड पर आयोजित किया गया. प्रवीण जैन ने बताया कि आचार्य प्रणाम सागर महाराज की महती अनुकंपा नरसिंगपुरा मानभद्र भक्त मंडल विगत कई वर्षों से बनी हुई है. उसी अमर बेल के सहारे मानभद्र बाबा (सुभाष चौक) का दो दिवसीय वार्षिक समारोह आयोजित किया गया. मानभद्र बाबा का का भव्य श्रृंगार किया गया. शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे बाबा की भव्य पुजन हवन एवं संगीतमय महा आरती सुप्रसिद्ध अंतराष्ट्रीय ख्याती प्राप्त ज्ञायक लवेश-हिमांशु बुरड़ के द्वारा की गई. महाआरती में पूरा दि. जैन नरसिंगपुरा समाज एवं जैन समाज शामिल हुआ. तत पश्चात महाप्रसादी की शुरुआत हुई. स्कीम नंबर 71 के मुकबधिर स्कुल के बच्चे वृद्ध आश्रम एरोड्रम रोड से बुजुर्ग बहुउद्देशीय संस्था, अनाथ आश्रम फुटी कोठी से सभी जनों को आमंत्रित किया गया था. मुकबधिर बच्चों को कॉपी किताबों पेन का वितरण किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से आशीष जैन, हर्ष-तृप्ति जैन, अभिषेक जैन, दिलीप जैन, अमित जैन, मनीष जैन, विशाल जैन, अजित जैन, गौरव जैन, नितिन जैन के साथ समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए.

श्रीनाथ मन्दिर में पालकी यात्रा निकली

इंदौर. साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मन्दिर में आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में बड़ी संख्या में नाथभक्त शामिल हुए. सभी ने योगाभ्यानंद माधवनाथ महाराज की चरण पादुका का लघुरुद्र अभिषेक किया. हल्दी कंकू से पूजन कर शीश नवाया।इस मौके पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन, हिमा चल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल व्ही. एस. कोकजे एवं वरिष्ठ एडवोकेट अविनाश सिरपुरकर विशेष रूप से उपस्थित थे. यह जानकारी देते हुए संस्थान के सचिव संजय नामजोशी ने बताया कि उत्सव की शुरुआत कांकड आरती से हुई. उसके बाद दीप प्रकाश स्तंभ ग्रंथ पाठ का समापन हुआ. प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि दोपहर को श्रीनाथ महाराज की मन्दिर परिसर में बैंड बाजा और ढोल-ताशे के साथ पालकी निकली. रास्ते भर भक्तों ने श्रीनाथ जयनाथ जय जय नाथ का उद्घघोष किया।शाम को पुणे के नारदीय कीर्तनकार चंद्रशेखर ब्रह्मे के कीर्तन हुए.

फिजियोथेरेपी चिकित्सा पर वर्कशॉप आज से

इंदौर. फिजियोथेरेपी चिकित्सा की नई तकनीको पर 12 जुलाई से दो दिवसीय फिजियो थेरेपी की वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है. यह जानकारी देते हुए फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. महेश साहू ने बताया कि इस वर्कशॉप में एसबीएस यूनिवरसिटी के प्रो. डॉ. मनीष अरोरा प्रशिक्षण देगे। वर्कशॉप में देशभर के फिजियोथेरेपिस्ट, मेन्यूअल थेरेपिस्ट, रिहेब एक्सपर्ट और ओस्टे पाथ शामिल होंगे.

गुंडों की पाठशाला, परेड के साथ पुलिस ने सिखाया सबक

हीरानगर थाने में 57 बदमाशों को परिवार सहित किया तलब, अपराध छोड़ने की दिलाई शपथ

नव भारत न्यूज

इंदौर. जोन-3 पुलिस ने अपराधियों में सुधार लाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए एक अनोखा प्रयास किया. हीरानगर थाना परिसर में गुंडों की पाठशाला आयोजित की गई, जिसमें इलाके के 57 निगरानीशुदा बदमाशों को उनके परिवारजनों के साथ बुलाया गया. यहां न सिर्फ उन्हें उनके किए पर आत्मचिंतन कराया, बल्कि सुधार का मौका भी दिया.

थाने पहुंचे बदमाशों से डीसीपी ने खुद बातचीत की और उनकी संगत, रहन-सहन, आमदनी के स्रोत और अपराध से जुड़े साथियों के बारे में जानकारी जुटाई. इस दौरान सभी की गतिविधियों का रिकॉर्ड अपडेट कर भविष्य में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई. इस पाठशाला में शामिल बदमाशों के परिजनों से भी पुलिस ने संवाद किया. उन्हें समझाया कि वे अपने परिजनों को सुधारने में मदद करें और थाने में नियमित हाजिरी लगाने की जिम्मेदारी निभाएं ताकि वे पुलिस की निगरानी में रहें और अपराध की दुनिया से दूर हो सकें. यह नवाचार डीसीपी जोन-3 डॉ. हंसराज सिंह के मार्गदर्शन और एडीसीपी रामस्नेही मिश्रा के निर्देशन में किया. आयोजन में एसीपी हीरानगर रूबीना मिजवानी और थाना प्रभारी पीएल शर्मा की विशेष भूमिका रही. पाठशाला के दौरान पुलिस ने सभी से पूछा क्या आप अपने बच्चों को अपनी तरह बनाना चाहेंग, इस पर अधिकांश अपराधियों ने सिर झुका लिया और अपराध से तौबा करने की कसम खाई. कई उत्तर इतने मार्मिक थे कि वहां मौजूद हर शख्स कुछ पल के लिए शांत हो गया.

अपराध करने पर कठोर कार्रवाई

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य में यदि कोई दोबारा अपराध करता है, तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी. त्योहारी सीजन को देखते हुए सभी पर कड़ी नजर रखी जाएगी और आवश्यकतानुसार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी तय की गई है.

सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

पुलिस जांच में जुटी

इंदौर. ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र के पास हुए सड़क हादसे में घायल एक 62 वर्षीय बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई. हादसे के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां देर रात उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया.

मृतक की पहचान देवीचंद पिता किशनचंद निवासी राजमहल कॉलोनी के रूप में हुई है. वह किसी काम से ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से गुजर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से सड़क पर गिरकर घायल हो गए थे. घटना के बाद राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी हालत लगातार नाजुक बनी रही. उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और घटना से जुड़े सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है, ताकि हादसे के जिम्मेदार वाहन और चालक का पता लगाया जा सके. मामले में जूनी इंदौर थाना प्रभारी अनील गुप्ता का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जाएगी.

सुरक्षित कॉलोनी में मंदिर से दानपेटी और बाइक चोरी

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश में पुलिस

नव भारत न्यूज

इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र की हाईलिंक सिटी जैसी सुरक्षित और पहरेदारों से घिरी कॉलोनी में तड़के चोरी की बड़ी वारदात हो गई. श्री धरणीधर पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर को निशाना बनाकर अज्ञात चोर मंदिर के भीतर रखी भारी-भरकम दानपेटी उठा ले गए. साथ ही इसी कॉलोनी के एक मकान के बाहर खड़ी पल्सर बाइक भी चुराई गई, जिससे चोरी में उसके उपयोग की संभावना जताई जा रही है. घटना सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई है जिसमें तीन युवक बाइक पर भागते दिखाई दे रहे हैं.

घटना करीब 3.30 बजे की है. हाईलिंक सिटी में दो मुख्य प्रवेश द्वार हैं और दोनों पर 24 घंटे गार्ड तैनात रहते हैं, बावजूद इसके चोर भीतर घुसने में सफल हो गए. मंदिर का गेट सब्बल और पत्थर के सहारे तोड़ा गया, जिसमें इनर लॉक भी टूटे मिले हैं. मंदिर के भीतर रखी 5 बाय 3 फीट की बड़ी दानपेटी को, जिसमें मोटी एल्यूमिनियम की चादर लगी थी, चोर उठाकर ले गए. मंदिर अध्यक्ष पुंडरिक पालरेचा ने पुलिस को बताया कि तीन दिन पूर्व मंदिर में बड़ा आयोजन हुआ था, जिसमें श्रद्धालुओं ने दानपेटी में बड़ी राशि अर्पित की थी. अंदाजा है कि उसमें 50 हजार से अधिक की राशि होंगी. घटना की सूचना सुबह सबसे पहले चौकीदार ने मंदिर प्रबंधन को दी. जानकारी मिलते ही पालरेचा और धर्मेन्द्र गेंदर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई.

एरोड्रम पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की. मंदिर के बाहर गेट पर पत्थर भी मिले हैं, जिनका उपयोग ताले व गेट तोड़ने में किया गया लगता है. मंदिर परिसर में अन्य सामान, मूर्तियों या छत्र को छुआ तक नहीं चोरों का मकसद केवल दानपेटी रहा.

इधर, कॉलोनी के मकान नम्बर 559 में रहने वाले प्रकाश जैन की पल्सर बाइक भी चोरी हो गई, जिससे आशंका है कि चोरों ने उसी बाइक का उपयोग दानपेटी ढोने में किया हो. कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में चोर पल्सर पर जाते हुए दिखे हैं. मामले में एरोड्रम थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी का कहना है कि घटना गंभीर है और हमें मंदिर जैसी आस्था स्थली को निशाना बनाए जाने को लेकर विशेष सतर्कता बरतनी होगी. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है. आसपास के इलाकों और कबाड़ी बाजार में भी पूछताछ शुरू कर दी गई है. जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए जाएंगे.

कॉलोनी सुरक्षा पर सवाल

हाईलिंक सिटी जैसी कॉलोनी, जहां दो बड़े गेट, 24 घंटे गार्ड, कैमरे और चहारदीवारी है, वहां चोरों का इस तरह घुस जाना कई सवाल खड़े कर रहा है. कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि यदि इतने सुरक्षा इंतजाम के बाद भी मंदिर जैसी जगह सुरक्षित नहीं रही, तो आम नागरिक कितने सुरक्षित हैं? कॉलोनी प्रबंधन से भी जवाबदेही तय करने की मांग की जा रही है.

धर्म कमाने का अवसर केवल चातुर्मास में ही : विश्वरत्न सागर

इंदौर. धन कमाने के लिए तो पूरे वर्षभर अवसर आते हैं, लेकिन चातुर्मास का अवसर धन नहीं, धर्म कमाने के लिए आया है. पानी का स्वभाव शीतलता, अग्नि का उष्णता और धर्म का स्वभाव गिरते हुए व्यक्ति को उठाने का है। जीवन जीने की स्वाभाविक प्रक्रिया का नाम है धर्म. सारे देश में चार माह तक भ्रमण कर साधकों को धर्म कमाने की प्रेरणा देने के लिए ही चातुर्मास जैसे आयोजन हो रहे हैं.

ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट, आचार्य विश्वरत्न सागर म.सा. के, जो उन्होंने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के तत्वावधान में शुक्रवार को एयरपोर्ट रोड स्थित नरसिंह वाटिका में चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में व्यक्त किए. प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन ने सभी श्रावकों की अगवानी की.

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
(जनकार्य विभाग)

ई-मेल: jankarya.vibhag2023@gmail.com, फोन : 7440440233

निविदा विज्ञप्ति क्र.: 43/सिविल/25-26/ग्रुप नं-01 से ग्रुप नं-17 तक

निविदा आमंत्रण

दिनांक: 08.07.2025

केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से (MPUADD Road & Bridge SOR/NON SOR, DATE 02-08-2021 पर आधारित) ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र.	टेंडर क्र.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा क्रय करने एवं खोलने की अंतिम तिथि
01	2025_UAD_435900_1	झोन क्र. 08 वार्ड क्र. 28 के अन्तर्गत वर्षा ऋतु में आवश्यक स्थानों पर मेटल पेंचवर्क करना।	90 दिवस ₹3,31,890/-	₹2,000/- ₹3,400/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
02	2025_UAD_435902_1	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 53 के अन्तर्गत मुख्य मार्ग, कॉलोनियों की रोड एवं एप्रोच मरम्मत हेतु मुरम चुरी प्रदाय कर बिछाना।	90 दिवस ₹3,94,155/-	₹2,000/- ₹4,000/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
03	2025_UAD_435903_1	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 61 के अन्तर्गत वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर मुरम चुरी डालना।	90 दिवस ₹4,30,350/-	₹2,000/- ₹4,400/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
04	2025_UAD_435904_1	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 08 के अन्तर्गत कच्चे स्थानों एवं गड्ढों पर मुरम चुरी इत्यादि मटेरियल डालना।	90 दिवस ₹4,32,097/-	₹2,000/- ₹4,400/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
05	2025_UAD_435906_1	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 65 के अन्तर्गत वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुवे गड्ढों में मुरम चुरी डालना।	90 दिवस ₹4,58,190/-	₹2,000/- ₹4,600/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
06	2025_UAD_435907_1	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 06 के अन्तर्गत कच्चे स्थानों एवं गड्ढों पर मुरम चुरी इत्यादि मटेरियल डालना।	90 दिवस ₹4,94,470/-	₹2,000/- ₹5,000/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
07	2025_UAD_435908_1	झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अन्तर्गत गणेश नगर, अर्जुन सिंह गौहर पहुंच मार्ग एवं आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर वर्षा ऋतु में कीचड़ समस्या निवारण हेतु मेटल पेंचवर्क का कार्य करना।	90 दिवस ₹4,95,700/-	₹2,000/- ₹5,000/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
08	2025_UAD_435910_1	झोन क्र. 04 वार्ड क्र. 13 के अन्तर्गत गड्ढे भरना एवं कीचड़ समस्या के निवारण हेतु मुरम चुरी डालना।	90 दिवस ₹4,96,610/-	₹2,000/- ₹5,000/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
09	2025_UAD_435911_1	झोन क्र. 16 वार्ड क्र. 15 के अन्तर्गत गांधी नगर, कस्तूर नगर, देवधरम गांव, नया बसेरा, बड़ा बांगड़दा, टिगरिया बादशाह, पटेल नगर, विघ्या पैलेस, लक्ष्मी नगर व अन्य स्थानों पर कीचड़ समस्या निवारण हेतु मुरम चुरी डालना।	120 दिवस ₹11,36,550/-	₹2,000/- ₹8,600/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
10	2025_UAD_435912_1	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 04 के अन्तर्गत कच्चे स्थानों एवं गड्ढों पर मुरम चुरी इत्यादि मटेरियल डालना।	90 दिवस ₹4,97,950/-	₹2,000/- ₹5,000/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
11	2025_UAD_435916_1	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 05 के अन्तर्गत कच्चे स्थानों एवं गड्ढों पर मुरम चुरी इत्यादि मटेरियल डालना।	90 दिवस ₹5,22,700/-	₹2,000/- ₹5,300/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
12	2025_UAD_435918_1	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 38 के अन्तर्गत राधे विहार कॉलोनी, हॉजी मदनी बाग, नहारशाह कम्पाउण्ड एवं अन्य स्थानों पर कीचड़ व जल भराव की समस्या हेतु मुरम चुरी डालना।	90 दिवस ₹5,83,860/-	₹2,000/- ₹5,900/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
13	2025_UAD_435919_1	झोन क्र. 12 वार्ड क्र. 59 के अन्तर्गत प्रतिवर्षानुसार निकलने वाले अनंत चर्तुदर्शी, ढोल ग्यारस, मोहर्रम पर्व, आगामी त्योहारों एवं वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुये मुख्य मार्गों पर पोट होल भरना।	90 दिवस ₹6,44,250/-	₹2,000/- ₹6,500/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
14	2025_UAD_435921_1	झोन क्र. 06 वार्ड क्र. 22, 24 व 25 के अन्तर्गत वर्षाकाल के दौरान होने वाले सड़कों के गड्ढों को भरने हेतु गिट्टी चुरी मटेरियल डालना।	90 दिवस ₹7,82,850/-	₹2,000/- ₹7,900/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
15	2025_UAD_435922_1	झोन क्र. 19 वार्ड क्र. 50 के अन्तर्गत कॉलोनियों की कीचड़ समस्या निवारण हेतु मुरम चुरी बिछाना।	90 दिवस ₹7,69,800/-	₹2,000/- ₹7,700/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
16	2025_UAD_435923_1	झोन क्र. 03 के अन्तर्गत मुख्य मार्गों के पॉट होल्स एवं अन्य सूचीबद्ध स्थानों पर मेटल पेंचवर्क करना।	90 दिवस ₹7,92,060/-	₹2,000/- ₹8,000/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025
17	2025_UAD_435924_1	झोन क्र. 02 वार्ड क्र. 69 के अन्तर्गत कीचड़ समस्या निवारण तथा रोड के गड्ढे भरने हेतु मेटल पेंचवर्क का कार्य करना।	90 दिवस ₹7,94,510/-	₹2,000/- ₹8,000/-	23-07-2025 6.00 PM 25-07-2025

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

अधीक्षण यंत्री
(जनकार्य विभाग)
नगर पालिक निगम, इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग

विज्ञप्ति क्रमांक: 34

निविदा सूचना

दिनांक: 07.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

ग्रुप क्र.	1. टेंडर क्र. 2. जारी दिनांक	कार्य का नाम	1. कार्य की समयावधि 2. लागत	1. निविदा प्रपत्र का मूल्य 2. ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2025_UAD_435554 07-07-2025	झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 11 के अंतर्गत बोरासी वाली गली एवं समीप गलियों में ड्रनेज लाइन डालने बाबद।	1. 6 माह 2. ₹21,50,165/-	1.₹5,000/- 2.₹16,200/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
2	2025_UAD_435555 07-07-2025	झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 12 के अंतर्गत राजाराम नगर गली न. 01 कुल्फी वाली गली में ड्रैनेज लाइन डालने बाबद।	1. 4 माह 2. ₹15,68,357/-	1. ₹2,000/- 2. ₹11,800/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
3	2025_UAD_435556 07-07-2025	झोन क्र. 4 वार्ड क्र. 13 के अंतर्गत टिगरिया बादशाह रोड़ से संगम हॉस्पिटल एवं समीप क्षेत्रों में ड्रेनेज लाइन डालना।	1. 6 माह 2. ₹49,13,422/-	1. ₹5,000/- 2. ₹36,900/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
4	2025_UAD_435557 07-07-2025	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 48 के अंतर्गत पासी मोहल्ला बस्ती एवं आसपास स्थित क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाइने डालने बाबद।	1. 4 माह 2. ₹19,40,522/-	1. ₹2,000/- 2. ₹14,600/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
5	2025_UAD_435560 07-07-2025	झोन क्र. 11 वार्ड क्र. 60 के अंतर्गत रानीपूरा मेडिकल के सामने से पार्किंग तक व आसपास की क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाइन डालने बाबद।	1. 6 माह 2. ₹ 21,09,914/-	1. ₹5,000/- 2. ₹15,900/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
6	2025_UAD_435561 07-07-2025	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 5 के अंतर्गत सांवरिया टेन्ट से गणेश आटा चक्की तक मेन रोड एवं आवश्यक ध्वस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नई लाइन डालने बाबद।	1. 6 माह 2. ₹25,35,706/-	1. ₹5,000/- 2. ₹19,100/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
7	2025_UAD_435562 07-07-2025	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 4 के अंतर्गत सम्पूर्ण द्वारकाधीश कॉलोनी में ड्रेनेज लाइन के क्षतिग्रस्त पाइप बदलने बाबद।	1. 6 माह 2. ₹43,57,560/-	1. ₹5,000/- 2. ₹32,700/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
8	2025_UAD_435563 07-07-2025	झोन क्र. 21 वार्ड क्र. 79 के अंतर्गत सप्तश्रृंगी नगर कोल्ड स्टोरेज से आराध्या मंदिर होते हुए आकाश बिल्डिंग (पंडित प्रापर्टी) तक ध्वस्त लाइन की जगह नई लाइन डालने बाबद।	1. 6 माह 2. ₹26,38,800/-	1.₹5,000/- 2. ₹19,800/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
9	2025_UAD_435564 07-07-2025	झोन क्र. 21वार्ड क्र. 73 के अंतर्गत मणिकबाग 16/1 व 16/2 की क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाइन डालना।	1. 8 माह 2. ₹51,50,190/-	1. ₹10,000/- 2. ₹38,700/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
10	2025_UAD_435566 07-07-2025	झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 35 के अंतर्गत निरंजनपुर बस्ती में खाती समाज वाली गली में विमल लॉंड्री से यादव जी के मकान तक ड्रेनेज लाइन डालने बाबद।	1. 6 माह 2. ₹23,66,366/-	1. ₹5,000/- 2. ₹17,800/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
11	2025_UAD_435567 07-07-2025	झोन क्र. 22 वार्ड क्र. 36 के अंतर्गत अरंडिया गाँव में ध्वस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नवीन ड्रेनेज लाइन डालना।	1. 8 माह 2. ₹50,42,272/-	1. ₹10,000/- 2. ₹37,900/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
12	2025_UAD_435568 07-07-2025	झोन क्र. 05 वार्ड क्र. 23 के अंतर्गत पुराना गौरी नगर में स्थित ध्वस्त ड्रेनेज लाइन बदलकर नवीन ड्रेनेज लाइन डालना।	1. 8 माह 2. ₹97,63,313/-	1. ₹10,000/- 2. ₹73,300/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
13	2025_UAD_435569 07-07-2025	झोन क्र. 13 वार्ड क्र. 80 के अंतर्गत आने वाले राजेन्द्र नगर मेन रोड़ पर स्थित दुकानों के पीछे रेल्वे स्टेशन के पास क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के स्थान पर नई ड्रेनेज लाइन डालने बाबद	1. 6 माह 2. ₹23,59,240/-	1. ₹5,000/- 2. ₹17,700/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
14	2025_UAD_435570 07-07-2025	झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 56 के अंतर्गत फिरोज गाँधी नगर गली नं. 1 से 5 की गलियों में ड्रेनेज लाइन डालना।	1. 6 माह 2. ₹37,00,958/-	1. ₹5,000/- 2. ₹27,800/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
15	2025_UAD_435571 07-07-2025	झोन क्र. 03 वार्ड क्र. 58 के अंतर्गत बजरिया व बड़वाली चौकी में क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन बदलकर नई ड्रेनेज लाइन डालना।	1. 4 माह 2. ₹16,30,555/-	1. ₹2,000/- 2. ₹12,300/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
16	2025_UAD_435572 07-07-2025	झोन क्र.14 वार्ड क्र. 82 के अंतर्गत ग्लोबल हाईट्स स्कूल सुदामा नगर ई-सेक्टर के पास पाँच गलियों में नवीन ड्रेनेज पाईप लाइन बिछाने हेतु।	1. 6 माह 2. ₹26,69,191/-	1. ₹5,000/- 2. ₹20,100/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
17	2025_UAD_435574 07-07-2025	झोन क्र. 8 वार्ड क्र. 30 के अंतर्गत अनुराग नगर स्थित वर्धमान गार्डन के पास से मेनरोड़ तक ड्रेनेज लाइन डालना एवं आवश्यक कार्य करना।	1. 6 माह 2. ₹20,83,909/-	1. ₹5,000/- 2. ₹15,700/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
18	2025_UAD_435575 07-07-2025	झोन क्र. 01 वार्ड क्र. 16 के अंतर्गत न्यू एकता नगर की शेष बची हुई गलियों में ड्रेनेज लाइन डालना।	1. 4 माह 2. ₹14,88,754/-	1. ₹2,000/- 2. ₹11,200/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025
19	2025_UAD_435578 07-07-2025	झोन क्र. 20 वार्ड क्र. 06 के अंतर्गत धर्मराज कॉलोनी में गली नं. 1 से 10 तक क्षतिग्रस्त ड्रेनेज लाइन के पाईप बदलना।	1. 6 माह 2. ₹37,62,614/-	1. ₹5,000/- 2. ₹28,300/-	05-08-2025 (शाम 06:00 बजे तक) 06-08-2025

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

कार्यपालन यंत्री
जलयंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग
नगर पालिक निगम, इन्दौर